उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P POWER CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ
CIN : U32201UP1999SGC024928

संख्या–160–ज0श0 एवं प्र0सु0–01/पाकालि/2018–21–प्र0सु0/2001 दिनाँक 08.02.2018

1. प्रबन्ध निदेशक,
मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लि0,
4–ए, गोखले मार्ग, लखनऊ।

2. प्रबन्ध निदेशक
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
विद्युत नगर, पो0–डी.रे.का., वाराणसी।

3. प्रबन्ध निदेशक,
पश्चिमॉंचल विद्युत वितरण निगम लि0,
विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

4. प्रबन्ध निदेशक,
दक्षिणॉंचल विद्युत वितरण निगम लि0,
बी–15 निर्भय नगर, गैलाना रोड, आगरा।

5. प्रबन्ध निदेशक,
केस्को–14/71, केसा हाउस,
सिविल लाइन्स, कानपुर।

विषयः–विद्युत चोरी करते पकड़े गये उपभोक्ताओं को नोटिस/राजस्व निर्धारण बिल निर्गत किये जाने में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित कर अनुशासनिक कार्यवाही करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अध्यक्ष, उ0प्र0पा0का0लि0 महोदय की अध्यक्षता में विद्युत चोरी रोकने हेतु कार्य योजना एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दि0 27.01.2018 को सम्पन्न बैठक (कार्यवृत्त संलग्न) में दिये गए आदेशानुसार निम्नवत् निदेशित किया जाता है :–

1. जिन विद्युत वितरण खण्डों के अधिशासी अभियन्ताओं द्वारा विद्युत चोरी करते पकड़े गये उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी के सम्बन्ध में विभागीय नोटिस एवं राजस्व निर्धारण बिल निर्गत किये जाने में शिथिलता बरती गयी है, उन अधिशासी अभियन्ताओं का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किया जाना एवं कृत कार्यवाही से कारपोरेशन मुख्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

2. जिन विद्युत वितरण मण्डलों/वितरण क्षेत्रों के अधीक्षण अभियन्ताओं/मुख्य अभियन्ताओं द्वारा अपने नियन्त्रणाधीन विद्युत वितरण खण्डों के अन्तर्गत विद्युत चोरी करते पकड़े गये उपभोक्ताओं को विद्युत चोरी के सम्बन्ध में विभागीय नोटिस एवं राजस्व निर्धारण बिल निर्गत किये जाने के अनुश्रवण की कार्यवाही किये जाने में शिथिलता बरती गयी है, उन अधीक्षण अभियन्ताओं/मुख्य अभियन्ताओं के विरुद्ध पावर कारपोरेशन मुख्यालय स्तर पर प्रशासनिक एवं अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने हेतु वितरण निगमों द्वारा अपनी अनुशंसा सहित प्रस्ताव पावर कारपोरेशन मुख्यालय को अग्रसारित किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(सत्य प्रकाश पाण्डेय)
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)

संख्या–160 (i) ज0श0 एवं प्र0सु0–01 / पाकालि / 2018, तद्दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव सम्बद्ध अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव सम्बद्ध प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. समस्त निदेशक गण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. अपर सचिव (प्रथम / द्वितीय / तृतीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–। एवं स्तर–।।), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
6. समस्त अधीक्षण अभियन्ता / अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
7. समस्त उपमुख्य लेखाधिकारी / क्षेत्रीय लेखाधिकारी, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
8. लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9. अधिशासी अभियन्ता (वेब), शक्ति भवन लखनऊ को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की वेबसाईट www.uppcl.org पर "Orders" एवं "Right to Information" शीर्षक के अन्तर्गत अपलोड करने हेतु।
10. नोटिस बोर्ड।

(सत्य प्रकाश पाण्डेय )
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)